फ श्री सदगुरू देवाय नमः फ फ ओ३म् फ फ जय माता दी फ
फ सीताराम बाबा जी फफ जय बाबा की फफ श्याम बाबा फफ
फ ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! फ

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्नि जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 79 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦26 दिसम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## ईंट भट्टे की दीवार गिरने से 6 मजदूरों की मौत, 10 घायल


### मुआवजे के लिए हंगामा, भट्टा मालिक ने की साढ़े तीन लाख और सीएम ने की ढाई लाख देने की घोषणा

रुड़की (उद संवाददाता)। ईंट भट्टे की दीवार गिरने से छह मजदूर मलबे में जिंदा दफन हो गए। हादसा होते ही वहां चीख पुकार मच गई। उधर, मृतकों के परिजनों और ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर हंगामा किया। साथ ही शव उठाने से इंकार कर दिया। जिसे लेकर ग्रामीणों और पुलिस में तीखी नोकझोंक हुई। मौके पर आस-पास के थानों और कोतवाली का फोर्स बुलाया गया। वहीं जिलाधिकारी और एसएसपी की ओर से ग्रामीणों को समझने का प्रयास किया गया। लेकिन ग्रामीण की 10 से 15 लाख रुपये का मुआवजा देने की मांग पर अड़े रहे। करीब एक घंटे हंगामे के बाद मुआवजे की मांग पूरी होने पर ग्रामीणों ने शव उठने दिए। मृतक के परिजनों को ईंट भट्ठा मालिक की ओर से साढ़े तीन-तीन लाख और मुख्यमंत्री की ओर से ढाई-ढाई लाख की धनराशि मुआवजे के रूप में देने की घोषणा की गई है। इसके बाद पुलिस ने पांचों शवों को पोस्टमार्टम के लिए रुड़की सिविल अस्पताल भेज दिया। बता दें कि मंगलौर कोतवाली के लहबोली गांव में ईंट भट्टे की दीवार अचानक गिर गई। इस दौरान आधा दर्जन से ज्यादा मजदूर मलबे के नीचे दब गए। इस दौरान छह मजदूरों के शव निकाले गए, जबकि दस घायल हैं। सुबह ईंट पकाने के लिए चिमनी में ईंट भरते समय हादसा हुआ। मजदूर काम कर ही रहे थे कि दीवार अचानक भरभराकर गिर गई। इससे पहले कोई कुछ समझ पाता दीवार के पास खड़े मजदूर मलबे में दब गए। एसपी देहात समेत पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। तब पांच मजदूरों के शव निकाले गए थे, उन्होंने देखा कि तीन मजदूरों की हालत गंभीर बनी थी, जिन्हें अस्पताल में भर्ती (शेष पृष्ठ सात पर)





## कार की टक्कर से युवक की मौत, युवती गंभीर



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मेट्रोपोलिस सिटी कालोनी मार्ग पर कार और बाईक की भिडंत में बाईक सवार युवक की मौत हो गई । जबकि उसके साथ बैठी युवती गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे उपचार के लिए एक निजी चिकित्सालय भर्ती कराया गया है। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार सायं मैट्रोपोलिस सिटी निवासी 16 वर्षीय निखिल यादव पुत्र जयदेव ओमेक्स कालोनी निवासी अमृतक्षी नंदा पुत्री मानस रंजन के साथ बाईक पर सवार होकर मॉल की ओर आ रहा था। अभी वह कालोनी के गेट नम्बर दो के पास ही पहुंचा था कि सामने से तेज गति से आती कार ने बाईक को जोरदार टक्कर मार दी । बताया जाता है कि कार को एक प्रतिष्ठित व्यवसायी की पुत्री चला रही थी। इस दुर्घटना में बाईक सवार नितेश और अमृतक्षी गंभीर रूप से घायल हो गये। मामले की जानकारी मिलते ही दोनों के परिजन भी मौके पर आ गये और उन्हें उपचार के लिए निजी चिकित्सालय ले गये। जहां से निखिल को जिला चिकित्सालय ले जाया गया लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। घटना में घायल अमृतक्षी की हालत अभी भी चिंताजनक बनी हुई है। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने जिला चिकित्सालय पहुंचकर मृतक निखिल के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। इधर मामले की जानकारी मिलने पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल मोर्चरी पहुंचे और उन्होंने घटना पर गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए परिजनों को ढ़ांढस बंधाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## टिहरी में धामी का रोड शो, करोड़ों की दी सौगात



टिहरी (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को वीर बाल दिवस के मौके पर नई टिहरी में टीला साहिब गुरुद्वारा में मत्था टेका। इसके बाद मुख्यमंत्री ने रोड शो निकाला। रोड शो का जगह जगह स्वागत किया गया। रोड शो बौराड़ी से प्रताप इंटर कॉलेज मैदान तक हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय लोग शामिल हुए। इस दौरान सीएम धामी ने खुद लोगों पर फूल बरसाकर उनका अभिवादन स्वीकार किया। इस मौके पर सीएम धामी ने प्रताप इंटर कॉलेज बौराड़ी में आयोजित 'बेटी-ब्वारयूं कु कौथिग' कार्यकम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। साथ ही जनपद टिहरी में 415 करोड़ 75 लाख से अधिक धनराशि की 160 योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास कर जनपद वासियों को दी विकास की सौगात दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 201 करोड़ 32 लाख 74 हजार धनराशि की 44 योजनाओं का लोकार्पण व 214 करोड़ 43 लाख 02 हजार धनराशि की 116 योजनाओं का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाना हमारा लक्ष्य हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आशीर्वाद और उनके मार्गदर्शन में इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए (शेष पृष्ठ सात पर)

## चाकू की नोक पर मोबाईल और नगदी लूटी



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। किच्छा बाईपास पर लेक झील के आस पास का क्षेत्र आपराधिक तत्वों का गढ़ बन गया है। यहां पर राहगीरों के साथ लूटपाट की कई घटनाएं घटित हो चुकी हैं। जिनमें अधिकांश मामले कानूनी झंझट से बचने के लिए पुलिस तक पहुंच नहीं पाते हैं। गत रात्रि सिडकुल स्थित फैक्ट्री में कार्य समाप्त कर घर वापस लौट रहे युवक से मार्ग में लेक झील के पास अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने मोबाईल तथा हजारों की नगदी लूट ली। रमाकांत पुत्र धनीराम निवासी रेशमवाडी, ट्राजिंट कैम्प ने बताया कि 25 दिसंबर को रात्रि करीब 10.30 बजे वह अपनी कंपनी में से कार्य करके घर वापस आ रहा था। रास्ते मे लेक पैराडाइस झील के पास कुछ नाकाबपोश बाइक सबार अचानक उसके पास आये और उसकी गर्दन पर चाकू लगाकर उसका फोन तथा उसके पास रखे चार हजार रुपए लूट लिये। जिसके बाद उक्त नकाबपोश लोग उसे धक्का देकर बाईक से भाग गये।

## मूल निवास प्रमाण पत्र पर स्थिति स्पष्ट करे सरकार: बेहड़



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भू कानून और मूल निवास प्रमाण पत्र को लेकर आज राज्य के लोगों में जो भय तथा परेशानी का माहौल बना हुआ है। सरकार को इस पर अपनी मंशा स्पष्ट करनी चाहिए। यहां अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते किच्छा के विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि भू कानून और स्थाई निवास प्रमाण पत्र को लेकर पूर्व में वर्ष 2000, 2001 व 2013 में शासनादेश जारी हो चुके हैं। जार्ज फर्नांडीज कमेटी की रिपोर्ट में कहा गया है कि 15 वर्ष से राज्य में रहने वाले परिवारो को स्थाई निवासी माना जाये। राज्य गठन से पूर्व निवासी लोगों को जाति प्रमाण पत्र भी दिये जा रहे हैं। इसमें किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सरकार द्वारा इस सन्दर्भ में जो कार्रवाई की जा रही है उससे सरकार की मंशा में सन्देह जाहिर हो रहा है। श्री बेहड़ ने कहा कि मूल निवास प्रमाण पत्र को लेकर जो भ्रम की स्थिति पैदा हुई है सरकार को स्पष्ट करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वह नेता प्रतिपक्ष से भी आग्रह करते है कि वह सभी विधायकों से इस मामले में राय अवश्य लें। ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार से मतभेद पैदा न हों। उन्होंने कहा कि राज्य गठन में सभी लोगों का योगदान रहा है विशेषकर महिलाओं का बलिदान अविस्मरणीय है। वहीं अनेक आन्दोलनकारियों ने अपनी कुर्बानियां भी दीं। तब यह सोचा था कि अलग राज्य का गठन होने से यहां का विकास तेजी से होगा। उन्होंने कहा कि भू कानून व निवास प्रमाण पत्र को लेकर आवाज उठाना चाहिए। लेकिन साथ ही साथ भ्रष्टाचारी लोगों, खनन माफियाओं, निजीकरण की आड़ में राज्य के लोगों का अहित करने वालों, अवैध कालोनाईजरों तथा सरकारी संसाधनों का लाभ लेकर करोड़ों की सम्पत्ति एकत्रित करने वाले लोगों के विरूद्ध भी आवाज उठानी होगी। श्री बेहड़ ने कहा कि बाजपुर के बीस गांव के लोगों द्वारा मालिकाना हक को लेकर आन्दोलन किया जा रहा है उनका आवाज सरकार के कानों तक नहीं पहुंच रही है। आज सिर्फ वोट की ही राजनीति की जा रही है। राज्य का भविष्य क्या होगा यही तो समय आने पर ही पता चलेगा। उन्होंने कहा कि भू कानून (शेष पृष्ठ सात पर)

## शहीद साहिबजादों की याद में निकाली रैली




खटीमा(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने वीर बाल दिवस के उपलक्ष में पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में श्री गुरु गोविंद सिंह जी के पुत्रों की शहादत को नमन किया एवं उनको याद कर जुलूस की शक्ल में गुरुद्वारा सिंह सभा तक रैली निकाली। तत्पश्चात गुरुद्वारा सिंह सभा में गुरु गोविंद सिंह जी के चारों साहिबजादों को याद में गुरुद्वारे में अरदास कराई। भाजपा जिला महामंत्री सतीश गोयल के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करते हुए वीर बाल दिवस कार्यक्रम के संयोजक एवं नगर महामंत्री मनोज वाधवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर वर्ष 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाने की घोषणा की है जिससे हमारी आने वाली पीढ़ी को गुरु गोविंद सिंह जी के पुत्रों की शहादत देश धर्म के लिए उनके द्वारा दिए गए बलिदान को नमन करने का अवसर प्राप्त हो रहा है। वीर बाल दिवस में शहीद साहब जादों को याद कर उनके द्वारा किए गए त्याग समर्पण एवं (शेष पृष्ठ सात पर)

## तीन महिलाओं को मारने वाले बाघ को किया ट्रैंकुलाइज



भीमताल (उद संवाददाता)। तीन माहिलाओं को मारने वाले बाघर को आखिरकार 19 दिन बाद वन विभाग की टीम ने सोमवार की देर रात जंगलियागांव में ट्रैंकुलाइज कर लिया। ट्रैंकुलाइज बाघ को वन विभाग ने रानीबाग रेस्क्यू सेंटर हल्द्वानी भेज दिया है। वन विभाग के अधिकारी ट्रैंकुलाइज किए बाघ को नरभक्षी होने का अंदेशा जता रहे हैं। हालांकि बाघ के सैंपल को डब्लूआईआई देहरादून भेजकर ही पुष्टि होने की बात कही है। वन क्षेत्राधिकारी विजय मेलकानी ने बताया कि सोमवार की रात 12 बजे जंगलियागांव में बाघ विशेषज्ञ डॉ. हिमांशु पांगती, डॉ. दुष्यंत ने अपनी टीम के साथ क्षेत्र में घूम रहे नरक्षभी बाघ को ट्रैंकुलाइज किया। उन्होंने कहा कि बाघ को ट्रैंकुलाइज करने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। मेलकानी ने बताया कि पकड़ा गया बाघ नरभक्षी हो सकता है। उन्होंने कहा कि अंदेशा है कि इसी ने तीन लोगों को मारा है। हालांकि पुष्टि डब्लूआईआई देहरादून को भेजे जा रहे सैंपल की रिपोर्ट के बाद ही होगी। बाघ पकड़े जाने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट
डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159
100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# हाइवे पर बाघ घूमता दिखने से कार्बेट टाइगर रिजर्व अलर्ट

रामनगर (उद संवाददाता)। हाइवे पर बाघ घूमता दिखाई देने के बाद कार्बेट टाइगर रिजर्व (सीटीआर) अलर्ट हो गया है। पिछले साल बाघ के हमले की घटनाओं से सबक लेते हुए रामनगर व अल्मोड़ा वन प्रभाग के साथमिलकर चौकसी बढ़ा दी गई है। सल्ट व रामनगर सीमा का मोहान क्षेत्र कार्बेट टाइगर रिर्जव के कालागढ़ के मंदाल रेंज व रामनगर वन प्रभाग के कोसी रेंज के अंर्नगत आता है। कुछ दिनों से मोहान व हाइवे पर बाघ दिखने से कार्बेट के निर्देशक धीरज पांडे ने बाघ की निगरानी के लिए समिति का गठन किया। कालागढ़ के डीएफओ आशुतोष सिंह को समिति का अध्यक्ष नामित किया है। समिति की ओर से मोहान में ग्रमीणों, जनप्रतिनिधियों, होटल व रिसार्ट संचालकों के साथ बाघ के मनिटरिंग कार्य में सहयोग करने व मानव वन्यजीव संघर्ष को काम करने में सहयोग मांगा गया। बाघ की निगरानी के लिऐं सीटीआर की मंदाल रेंज, रामनगर की कोसी रेंज व अल्मोड़ा वन प्रभाग की मोहान रेंज की टीम द्वारा संयुक्त टीम द्वारा ग्रामीणें से संपर्क कर रात्रि में घर से बाहार नही निकलने, समूह में रहने, घर के बाहार पर्याप्त रोशनी करने, घरों के बाहर झाड़ियों को नियामित रूप से काटकर सफरई रखने को कहा गया है। सीटीआर निर्देशक धीरज पांडे ने बताया की बाघ की मूवमेंट होने से सतर्कता बढ़ा दी है।



किराये हेतु
रूद्रपुर में भगत सिंह चौक पर एक तीन मंजिला मकान (बेसमेंट सहित) किराये हेतु उपलब्ध है।
-सम्पर्क करें-
मो. 9012700007

# विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में सबका योगदान जरूरी: धामी

## सीएम धामी ने ने प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

काशीपुर (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को काशीपुर स्थित एक निजी होटल में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलवाई। मुख्यमंत्री ने प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देता हुए कहा कि आज सभी व्यापारियों से मिलने का सुअवसर प्राप्त हो रहा है। काशीपुर क्षेत्र से विशेष जुड़ाव है। व्यापारी राज्य एवं देश की अर्थव्यवस्था और वित्तीय शक्तियों की रीढ़ होने के साथ ही ब्रांड इंडिया के सच्चे राजदूत होते हैं। समाज, प्रदेश या राष्ट्र के विकास में व्यापारी वर्ग का योगदान स्वत: ही आ जाता है। व्यापारी वर्ग के योगदान के बिना श्रेष्ठ उत्तराखंड निर्माण का हमारा 'संकल्प' पूर्ण नहीं हो सकता है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिए गए 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र को अपनाकर भारत के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। बीते 9 वर्षों में व्यापार, उद्यम, क्रिएटिविटी को साथ





लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में एक नया विश्वास पैदा हुआ है। अपनी माणा गांव की यात्रा के दौरान पीएम ने लोकल उत्पादों पर 5% धनराशि खर्च करने का आग्रह किया था। इससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिलता है। विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में हर किसी का योगदान जरूरी है। नीतियों के माध्यम से देश में ऐसा माहौल बना है जिसमें सामान्य से सामान्य परिवार का युवा भी उद्यमी बनने के बारे में सोच सकता है और उसपर अमल भी हो रहा है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि हाल ही में "ग्लोबल इन्वेस्टर समिट' आयोजित कर देश-विदेश के साथ ही प्रदेश के व्यापारियों को निवेश के प्रति आकर्षित करने का प्रयास किया गया है। जिसमें 50 से अधिक देश के प्रतिनिधी भी मौजूद रहे। ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में साढ़े तीन लाख करोड़ रूपये से अधिक के एमओयू साइन हुए हैं। जिनमें से 44 हजार करोड़ से अधिक के एमओयू पर धरातल पर कार्य प्रारंभ हो चुके हैं। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में हम दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरे हैं। राज्य में भ्रष्टाचार मुक्त व भयमुक्त परिवेश में व्यापारी वर्ग पहले से कहीं अधिक स्वंय को सुरक्षित महसूस कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली डबल इंजन की सरकार में व्यापारियों को 'प्रोत्साहन' और 'प्रॉफिट' के साथ ही 'प्रोटेक्शन' भी मिला है। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा व्यापारी हितों में नए-नए कदम उठाए जा रहे हैं। पूरे देश में हर स्तर पर व्यापारियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। आज राज्य के अंदर नई कार्य संस्कृति द्वारा सरलीकरण, समाधान, निस्तारण एंव सन्तुष्टि के मंत्र के आधार पर हमारी सरकार प्रदेश में पूर्ण सुशासन स्थापित करने के अपने 'विकल्प रहित संकल्प' को पूर्ण करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, अध्यक्ष उत्तराखंड कृषि उत्पादन एवम विपणन बोर्ड डॉ.अनिल कपूर डब्बू, बीजेपी जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, बीजेपी प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा, महामंत्री पीसी मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष अश्वनि छाबड़ा, प्रदेश मीडिया प्रभारी दिलप्रीत सेठी, सभा अध्यक्ष अनिल गोयल एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# भ्रष्टाचार की जांच न होने पर सचिवालय में आमरण अनशन व आत्मदाह की चेतावनी

टनकपुर (उद संवाददाता)।चंपावत जिले के बाराकोट ब्लॉक के ढटी गांव निवासी लक्ष्मणनाथ उर्फ बाबा अविनाशी ने मीडिया को दिए गए बयान में बताया बारकोट ब्लॉक के ढटी गांव में सरकार द्वारा चलाई गई कई जनकल्याणकारी योजनाएं गांव के दबंग व विभागीय अधिकारियों की मिली भगत से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी हैं। गांव की गरीब जनता को इसका लाभ न मिलकर गांव के अपात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों पर भ्रष्टाचार करने का गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने योजनाओं में हो रहे भ्रष्टाचार की जांच की मांग शासन प्रशासन ,मुख्यमंत्री और राष्ट्रपति कार्यालय तक करी पर सिर्फ आश्वासन दिया गया। मामला कागजी कार्रवाई तक सीमित रहा। किसी पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई तथा जांच के नाम पर अधिकारियों के द्वारा सिर्फ खाना पूर्ति कर दी गई । किसी भी आरोपी पर कोई



कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा 21 दिसंबर को उन्होंने डीएम देहरादून को पत्र दिया है जिसमें उन्होंने चेतावनी दी है कि पत्र देने के 15 दिन के भीतर मामले में जांच न होने तथा मुख्यमंत्री से उनकी मुलाकात ना कराने पर वे देहरादून सचिवालय में अनिश्चितकालीन आमरण अनशन शुरू कर देंगे। फिर भी उनकी मांगे नहीं मानी गई तो वह आत्मदाह कर लेंगे। बाबा अविनाशी ने कहा उन्होंने जांच की मांग को लेकर डीएम चंपावत को भी पिछले हफ्ते प्रार्थना पत्र दिया है। उन्होंने कहा गांव में सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को मिले तथा योजनाओं में भ्रष्टाचार करने वाले दबंग लोगों व अधिकारियों पर कार्रवाई हो। उन्होंने मुख्यमंत्री से भी गांव में बरसों से सरकारी योजनाओं में हो रहे भ्रष्टाचार की जांच करवाने की मांग की है। उन्होंने कहा वह कई वर्षों से सरकारी अधिकारियों के दफ्तरों के धक्के खा रहे हैं पर किसी के भी द्वारा कोई सहयोग नहीं किया जा रहा है।

# जयंती पर शहीद उधम सिंह का भावपूर्ण स्मरण

गदरपुर(उद संवाददाता)। महान स्वतंत्रता सेनानी शहीद उधम सिंह का जन्मदिन श्रद्धा भावना से कंबोज धर्मशाला बुध बाजार में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के उपरांत प्रसाद वितरण करके मनाया गया । कंबोज महासभा द्वारा शहीद उधम सिंह के जन्म दिन पर आयोजित कार्यक्रम का संचालन करने के दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य टेकचंद कंबोज ने कहा कि 26 दिसंबर 1899 को शहीद उधम सिंह का जन्म सुनाम में हुआ था बचपन में ही उन्होंने अपने माता-पिता को खो दिया था, उन्होंने बताया बैसाखी वाले दिन 1919 को अंग्रेजी सरकार द्वारा श्री अमृतसर के जलियांवाला बाग में सैकड़ों निहत्थे लोगों को गोलियों से भूनकर शहीद कर दिया था, जिसका बदला लेने के लिए शहीद उधम सिंह ने लंदन के पहुंचकर माइकल ओड्वायर को गोलियों से भून कर जलियांवाला बाग के शहीदों का बदला लिया था । अंग्रेजी सरकार द्वारा उन्हे गिरफ्तार करके 31 जुलाई 1940 को फांसी की सजा देकर शहीद कर दिया था। इस मौके पर राकेश कंबोज ,अशोक कंबोज ,राहुल कंबोज, पंडित ताराचंद शर्मा, बाबा सतनाम चंद कंबोज ,ओम प्रकाश कंबोज, मनोज कांबोज, अमित कंबोज ,राहुल कंबोज,



एसपी सिंह, किशन सिंह कंबोज, संजीव शर्मा, सलीम, मनोज शर्मा, राजकुमार गुंबर, सोनू, राजेश कंबोज, महेंद्र पाल सिंह, देवेंद्र सिंघ आदि ने शहीद उधम सिंह को नमन किया ।

# खनन माफियाओं के बीच खूनी संघर्ष के मामले में चार गिरफ्तार

काशीपुर। आईटीआई थाना क्षेत्र के ग्राम अजीतपुर में ग्रामीणों व खनन माफिया के बीच हुए खूनी संघर्ष के मामले में पुलिस ने 12 नामजद समेत 50 से अधिक लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है। ग्राम अजीतपुर दभौरा एहतमाली निवासी जितेंद्र सिंह ने तहरीर में कहा है कि ग्रामीण पिछले काफी समय से अवैध खनन के ओवरलोड वाहनों के विरोध में शांतिपूर्वक धरना दे रहे थे। आरोप है कि नईम निवासी ग्राम परमानंदपुर व यासीन निवासी ग्राम घोसीपुरा जिला रामपुर, मुस्तकीम निवासी ग्राम घोसीपुरा पिछले कई दिनों से धरना समाप्त करने और इसी रास्ते से अपने खनन सामग्री से भरे डंपर ले जाने की धमकी दे रहे थे। तहरीर के अनुसार रविवार देर शाम लगभग सात बजे वह ग्राम प्रधान हरमन सिंह, सहजदीप सिंह, जितेंद्र सिंह, गुरमीत सिंह, गुलाब सिंह, गुरप्रीत सिंह, दलवीर सिंह, विक्रमजीत सिंह, विक्की सिंह, बलजीत सिंह, जितेंद्र सिंह, रंजीत सिंह, गुरबूटा सिंह निवासीगण अजीतपुर दभौरा एहतमाली आदि के साथ गौशाला मोड पर धरने पर बैठे थे इसी दौरान एक डंपर तेज गति से लोगों को दबाने के लिए धरना स्थल में घुस गया। तब मौके पर मौजूद लोगों ने भाग कर अपनी जान बचाई। इसके बाद कारों और मोटरसाइकिलों से सवार होकर नईम निवासी ग्राम परमानंदपुर, यासीन, मुस्तकीम तौकीरा, अकरम पहलवान, सलमान, हुसैन, शहादत, अजीम, रिजवान, शादाब निवासीगण ग्राम घोसीपुरा पट्टी कला जिला रामपुर, यूपी अपने 50-60 लोगों के साथ आए और अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। इसमें विक्रमजीत सिंह उर्फ विक्की, बलजीत सिंह, जितेंद्र सिंह घायल हो गए। हमलावरों ने गुरबूटा सिंह उर्फ बूटा के सिर पर पाटल से हमला कर लहूलुहान कर दिया। हमलावरों ने जाते-जाते दोबारा धरना देने पर गांव में आग लगाने की चेतावनी दी। मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ मंजुनाथ टीसी ने बताया कि क्रेशर में खनन सामग्री पहुँचाने को लेकर उत्तराखंड के अजितपुर गाँव और यू पी के रामपुर जिले का घोसीपुरा गाँव का यह आपसी विवाद है। सारे क्रेशर यू पी में हैं और इन क्रेशरों में कौन से गाँव का माल जायेगा इसको लेकर इन दो गाँव में वर्चस्व की लड़ाई है। एसएसपी ने बताया कि घोसीपूरा गाँव के लोगों द्वारा झगड़े की शुरुआत की गयी जिसके बाद दोनों तरफसे मारपीट हुयी। मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर 24 घंटों के अंदर चार नामजद अभियुक्त नईम पुत्र मौ0 उमर, मौ0 यासीन पुत्र चंदा शाह,शहादत पुत्र सब्बीर और मुस्तकीम पुत्र नबी हुसैन निवासी गण घोसी पूरा को गिरफ्तार किया गया है। उनके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत संपत्ति जब्तीकरण की कार्रवाई भी की जाएगी। फरार अभियुक्तों को भी जल्द गिरफ्तार किया जायेगा। जरूरत पड़ने पर उनके खिलाफ भी संपत्ति जप्तीकरण एवं ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जायेगी।

# श्री गुरूनानक डिग्री कॉलेज मनाया वीर बाल दिवस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रीत विहार स्थित श्री गुरूनानक डिग्री कॉलेज के चार साहिबजादे हॉल में वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में संस्था के उपाध्यक्ष स0 वीरपाल सिंह, प्रबंधक स0 मनजीत सिंह, कोषाध्यक्ष स0 किरनदीप सिंह विर्क, सदस्य स0 करनैल सिंह, उप प्राचार्य डॉ0 अखिलेष सिंह , सहायक प्रवक्ता श्रीमती असमीत कौर ने चार साहिबजादों पर अपने-2 विचार रखे एवं माता गुजरी जी एवं श्री गुरू गोविन्द सिंह जी से संबंधित स्मरण को याद करते हुए छात्र-छात्राओं को उनके त्याग एवं बलिदान के विषय में बताया । छात्र गुरमन सिंह, मनदीप कौर और जगप्रीत कौर ने चार साहिबजादों के स्मरण को सुनाते हुए उन्हें याद किया, तत्पश्चात दूध की सेवा का भी आयोजन किया गया । कार्यक्रम के अंत में सहायक प्रवक्ता डॉ0 नाजिया बानो ने धन्यवाद ज्ञापन दिया । कार्यक्रम का संचालन बी0बी0ए0 की छात्रा इषिका के द्वारा किया गया । कार्यक्रम के समन्वयक श्रीमती असमीत कौर सेठी एवं डॉ0 परविन्दर कौर रहे । कार्यक्रम में सहायक प्रवक्ता संदीप त्रिपाठी, गौरव मिश्रा, संजय कुमार, श्रीमती प्रिया गुप्ता, डॉ0 रजनी छिम्वाल, डॉ0 रूपाली सक्सेना, डॉ0 फरजीन बानो, डॉ0 मीनाक्षी, श्रीमती शीतल, श्रीमती एकता, अखिलेष खरे, श्रीमती सरबजीत कौर, परमजीत सिंह, राधेश्याम, दुर्गेश, श्रीमती कल्पना, परमानन्द एवं काफी संख्या में छात्र-छात्रायें रहे ।

भारत सरकार

# साहिबज़ादों की वीरता और बलिदान को नमन



# वीर बाल दिवस

स्थान : **भारत मंडपम, प्रगति मैदान, नई दिल्ली**

दिनांक : **26 दिसंबर 2023** | समय : **सुबह 10:30 बजे**

गरिमामयी उपस्थिति

## नरेन्द्र मोदी

प्रधानमंत्री



"हमारे साहिबज़ादों का जीवन, तथा उनकी बेमिसाल कुर्बानी का संदेश, देश के हर बच्चे तक पहुंचे, वो उनसे प्रेरणा लेकर देश के लिए समर्पित नागरिक बनें, हमें इसके लिए प्रयास करने हैं।"

इस अवसर पर देशभर में विभिन्न आयोजन...

- बच्चों द्वारा **मार्च पास्ट**
- सिख बच्चों द्वारा **शबद कीर्तन पाठ**
- बच्चों द्वारा **युद्ध कला** का प्रदर्शन
- MYBharat प्लेटफॉर्म और MyGov पोर्टल पर **इंटरेक्टिव क्विज़**
- **डिजिटल एग्जीबिशन** व देशभर के स्कूलों और चाइल्ड केयर संस्थानों में विशेष सभाएं

भारत मंडपम से कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आप डीडी न्यूज़ पर देख सकते हैं।

विशेष सहयोग – दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी

# किच्छा में 'हाउस ऑफ हंगर' का भव्य शुभारम्भ

## रेस्टोरेंट के शुभारम्भ पर राजीव आहूजा को सैकड़ों लोगों ने दी शुभकामनाएं

किच्छा। नगर के रुद्रपुर मार्ग पर राजीव आहूजा के नए प्रतिष्ठान 'हाउस आफ हंगर' का भव्य शुभारंभ किया गया। हाउस ऑफ हंगर का शुभारंभ प्रतिष्ठान के स्वामी राजीव अहूजा की माताजी श्रीमती लीला आहूजा द्वारा हवन पूजा करके किया गया। हाउस आफ हंगर में हर परिवार की पसंद के भोज्य पदार्थ की बहुत बड़ी रेंज उपलब्ध कराई गई है। जिसमें फैमिली टेबल पर विभिन्न लजीज व्यंजनों से ग्राहकों की सभी आवश्यकताओं को पूर्ण किया जाएगा। नगर के तमाम व्यवसाईयों द्वारा हंगर ऑफ हाउस के शुभारंभ पर प्रतिष्ठान के स्वामी राजीव आहूजा को शुभकामनाएं दी गई। हाउस ऑफ हंगर के स्वामी राजीव आहूजा ने बताया कि नगर में पहली बार रूफ टॉप कैफे, रेस्टोरेंट, किटी पार्टी, प्रेस कॉन्फ्रेंस की व्यवस्था की गई है जिसमें नई से नई खाने की वैरायटी उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने बताया कि नगर क्षेत्र और आस-पास के क्षेत्र से भी अलग तरीके की वैराइटियां लेकर रूफ टॉप व्यवस्था की गई है जिसका नाम हाउस ऑफ हंगर दिया गया है। उन्होंने बताया कि रेस्टोरेंट में हर स्तर पर ग्राहकों के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। रेस्टोरेंट खुलने से क्षेत्रवासियों में भी उत्साह है। इस अवसर पर मुख्य रूप से राजेंद्र कामरा, ओम तनेजा, संजीव खन्ना ,डा. राहुल किशोर, डा. अजय अरोरा, अनुज तनेजा, राजेश प्रताप सिंह,नगर कांग्रेस अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, दुर्गेश गुप्ता, प्रवीण रहेजा, अंकुर पपनेजा ,भजन अरोड़ा, हरभजन अरोड़ा ,जगरूप सिंह गोल्डी ,मनीष बतरा,अनिल मित्तल, मुकेश अग्रवाल ,सुभाष अरोड़ा, विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़ ,निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कुमार कोली, वीरू बाटला, रवि नागपाल, सोनू भुसरी,गौरव अरोड़ा ,गुलशन सबरवाल, गुलशन सिंधी, राजकुमार बजाज, संजीव सिंह, राजेश प्रताप सिंह ,छोटू कोहली ,प्रमोद ठुकराल, पंकज पपनेजा ,बबलू सबरवाल, सुभाष कुमार ,डॉ राहुल किशोर, राजा सुखीजा, नितिन फुटेला ,संतोष ठाकुर ,प्रहलाद खुराना, सेमी ठक्कर, विक्की, मोनिका आहूजा, पूजा आहूजा, गीता बत्रा, सोनिया सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे। **( Advt. )**




















# भारतीय संस्कृति की सुरक्षा में संतों और संन्यासियों की अहम भूमिका : राजनाथ

हरिद्वार। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि जिस तरह मिलिट्री देश की सीमाओं की रक्षा करती है। उसी तरह आध्यात्मिक शक्ति देश की संस्कृति की रक्षा करती है, जब तक संस्कृति है, तब तक संतों और संन्यासियों की यह भूमिका बनी रहेगी। कहा कि विदेशी आक्रांताओं ने भारत की सांस्कृतिक चेतना को नष्ट करने का प्रयास किया। इसके लिए उन्होंने सबसे पहले संतो को निशाना बनाया, लेकिन इन विदेशी आक्रांताओं के आगे संत झुके नहीं।जूना पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवध ेशानंद गिरि के श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा की आचार्य पीठ पर पदस्थापना के दिव्य 25 वर्ष पूर्ण होने पर हरिहर आश्रम कनखल में चल रहे दिव्य आध्यात्मिक महोत्सव के दूसरे दिन केंद्रीय रक्षा मंत्री बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि संन्यासियों का इस राष्ट्र की संस्कृति से गहरा जुड़ाव है। सामाजिक सांस्कृतिक और राजनीतिक व्यवस्था से भी



संन्यासियों का जुड़ाव है। आवश्यकता पड़ी तो राजनीतिक व्यवस्था के बदलाव में भी इन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि संन्यासी अहम से वयम की यात्रा है। संन्यासी चराचर जगत के कल्याण के लिए कार्य करते हैं। जब भी आवश्यकता पड़ी संन्यासियों ने समाज के उत्थान का कार्य किया। वसुदेव कुटुंबकम का संदेश दुनिया में किसी धरती से गया है तो वह भारत है। इसका श्रेय संन्यासी समाज को ही जाता है। केंद्रीय रक्षा मंत्री ने सनातन पर उपहास करने वालों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्हें इसमें आत्मिक अनुभूति होती है। केंद्रीय रक्षा मंत्री ने केंद्र सरकार की तारीफ करते कहा कि भारत की सांस्कृतिक समृद्धि के लिए सरकार लगातार प्रयासरत है। अयोध्या के राम मंदिर हो या उज्जैन के महाकाल या अन्य देवी-देवताओं के मंदिर उसके बुनियादी ढांचे के विकास को सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इस अवसर पर निर्वाण पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी विशोकानंद भारती, अटल पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी विश्वात्मानंद, स्वामी रामदेव, जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी राजराजेश्वरानंद, हिंदू धर्म आचार्य सभा के महासचिव स्वामी परमात्मानंद, श्रीदत्तपद्मनाभ पीठाधीश्वर स्वामी ब्रह्मेशानंद, आचार्य बालकृष्ण, विश्व हिंदू परिषद् के संरक्षक दिनेश, विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार, कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, सांसद रमेश पोखरियाल निशंक, भाजपा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, पूर्व केंद्रीय मंत्री महेश शर्मा, सरदार बलजीत, महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद, स्वामी हरिचेतनानंद, स्वामी यतीश्वरानंद, नितीश भारद्वाज, सुरेश चव्हाण, संगीत सोम, नगर विध ायक मदन कौशिक, निवर्तमान मेयर अनिता शर्मा, स्वामी ललितानंद आदि मौजूद रहे।

## आध्यात्मिक महोत्सव में मुख्यमंत्री धामी ने लिया संतों का आशीर्वाद

हरिद्वार। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह एवं लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला संग कनखल स्थित श्री हरिहर आश्रम में आयोजित आध्यात्मिक महोत्सव में भाग लिया। यह कार्यक्रम जूना पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज के आचार्य पीठ पर पदस्थापन के 25 वर्ष पूर्ण होने एवं श्री दत्त जयंती के अवसर पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी संतों आदि को नमन कर कहा कि यह उत्सव आध्यात्मिक जागरण के क्षेत्र में नई पीढ़ी का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केदारनाथ एवं



बद्रीनाथ धाम एक नये कलेवर में निखर रहा है, केदारनाथ रोपवे तथा हेमकुण्ड रोपवे का कार्य प्रगति पर है, मानसखण्ड में सभी मंदिरों के सर्किट बनाने का कार्य प्रगति पर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने राज्यहित के लिए नकल विरोध ी कानून, धर्मान्तरण के लिये 10 साल की सख्त सजा का प्रावधान के साथ ही सरकारी नौकरियों में मातृशक्ति को 30 प्रतिशत का क्षैतिज आरक्षण प्रदान किया है।

# सिक्स सिग्मा के छात्र-छात्राओं ने जिला अस्पताल का किया भ्रमण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस के जी.एन.एम. नर्सिंग विभाग के प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं को जवाहर




लाल नेहरू जिला चिकित्सालय में नर्सिंग सुप्रीटेंडेंट मंजूँ खेड़ा के देख-रेख में अस्पताल के विभिन्न वार्डों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा अस्पताल का भ्रमण कराया गया । इस शिक्षण भ्रमण का आयोजन रजत धवन ट्रैनिंग एंड प्लेसमेंट हेड की देख रेख में किया गया । जिसमें नर्सिंग विभाग की एचओडी कल्पलता सिंह तथा नर्सिंग ट्यूटर पूजा वाल्मीकि ने भी भाग लिया। रजत धन ने बताया कि भ्रमण का मुख्य उद्देश्य यह था कि छात्र-छात्राओं को संस्थागत ज्ञान के अतिरिक्त अस्पताल क्षेत्र की जानकारी भी दी जाए क्योंकि सामान्यत: जब छात्र संस्थान से अपनी शिक्षा पूर्ण करने के पश्चात अस्पताल क्षेत्र में कदम रखता है तो उसके मन में विभिन्न प्रकार के भय उत्पन्न होने लगते है द्य जिस कारण छात्र योग्य होते हुए भी चिकित्सा क्षेत्र में प्रवेश नहीं कर पाते है तथा अपनी योग्यता का परिचय नहीं दे पाता है इन्ही समस्याओं को देखते हुए संस्थान समय-समय पर छात्र-छात्राओं को विशेष तौर पर शिक्षण भ्रमण कराते है । छात्र-छात्राओं के भ्रमण के पश्चात प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट , प्रध ानाचार्य ( फार्मेसी ) डॉ विजय सिंह, चीफ एडमिन ऑफिसर अनुभव बाठला ने स्टूडेंट्स को निरंतर आगे बढ़ते रहने, तथा निरंतर प्रयासरत रहने के लिए मोटीवेट किया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन पर संस्थान के अध्यक्ष राजेश डाबर, प्रबंध निदेशक सीए शिव अरोरा, वाईस चेयरमैन प्रीत ग्रोवर ,प्रबंध निदेशिका डॉ. सीमा अरोरा मैनेजमेंट मेंबर वंश डाबर, शौर्य अरोरा व संस्थान के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने स्टूडेंट्स को बधाई दी।

# जन्म दिन पर स्व.वाजपेई को किया नमन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भाजपा संभाग कार्यालय में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाते हुए काव्यांजलि कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें विभिन्न सुप्रसिद्ध कवियों द्वारा अटल जी की काव्य रचनाओं का रस पाठ किया व काव्य रचनाओं के माध्यम से उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किए। काव्यांजलि से पूर्व कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह बिष्ट, प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी



कैलाश शर्मा, जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, विधायक कालाढूँगी बंसीधर भगत द्वारा अटल जी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर उद्बोधन किया गया। वक्ताओं ने अटल जी के बताये रास्ते पर चलते हुए राष्ट्र नव निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का आव्हान किया। इससे पूर्व सभी उपस्थित जनों ने अटल जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनको नमन किया। काव्यांजलि के दौरान उपस्थित कवियों ने अटल जी रचित कविताओं के साथ साथ राष्ट्र प्रेम से ओत प्रोत अन्य रचनाओं का भी रस पाठ किया। जिसका उपस्थित श्रोताओं ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच लगातार उत्साहवर्धन किया।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कवि अनुपम हल्द्वानवी, अनिल घिड़ियाल, डॉ. वेद प्रकाश अंकुर, डा. प्रदीप उपाध्याय, डा. मंजु पांडे उदिता, भुवनेश विराट व पंकज पांडे का पार्टी पदाधिकारियों द्वारा शाल पहनाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश सह कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी चंदन बिष्ट, प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा शशांक रावत, निवर्तमान महापौर जोगेंद्र पाल सिंह रौतेला, ब्लॉक प्रमुख ओखलकाण्डा श्रीमती कमलेश कैड़ा, अटल जयंती कार्यक्रम के जिला संयोजक व जिला महामंत्री नवीन भट्ट, जिला महामंत्री रंजन बर्गली, भुवन भट्ट, शान्ति भट्ट, गीता जोशी सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सह संयोजक नितिन राणा ने किया। कार्यक्रम संयोजक नवीन भट्ट ने कवियों सहित सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

# वर्तमान समय में समाज को साहित्य के प्रति जागरूक करने की है आवश्यकता : बीना

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वर्तमान समय में समाज को साहित्य के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता है क्योकि मोबाइल की दुनिया में सन्नी शिक्षित एवं अशिक्षित लोग साहित्य को भूल रहे है। यह बात राजकीय हाई स्कूल विद्यालय बरी की अध्यापिका श्रीमती बीना श्रीवास्तव ने आवास विकास कालौनी स्थित अपने आवास में मीडिया के समक्ष कही। उन्होंने कहा कि आज के नवयुवक एवं युवतियों को यह नही मालूम है कि हमारे ग्रन्थ साहित्य की रचना किसने की है। काव्य पुस्तके, पत्रिकाऐ तथा वीर गाथा काव्य संकलन के बारे में आज के विद्यार्थियों को ज्ञान नही है। क्योकि मोबाइल में इतने तल्लीन हो गये कि वह रिश्ते नाते, संस्कार को भूल रहे है। हमें साहित्य के प्रति समाज को जागरूक करने की पहल करना है।श्रीमती बीना श्रीवास्तव द्वारा साहित्य सागर पत्रिका, काव्यपथ, साझाकाव्य सकलन, नीर निधि, नीलाम्बर, वीर गाथा, जीवन तरंग, रिश्ते, श्री रामकथा, बच्चे मन के सच्चे, रूहानी अल्फाज, संस्मरण, दि ग्राम इन्डिया टुडे पत्रिका, क्षितिन के



पार, पत्रिका, बस यूँ ही एकल काव्य संग्रह एवं अन्य पत्रिकाएं लेखन में सराहनीय भूमिका निभाई हैं। उन्हें झील की नगरी उदयपुर राजस्थान में साहित्य सागर द्वारा काव्य गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह गौरव की बात है कि रुद्रपुर शहर की महिला ने राष्ट्र एवं राज्य स्तर पर उत्तराखन्ड राज्य की पहचान बनाई है। महिलाओं के प्रति एक अहम भूमिका के प्रति समाज को साहित्य के प्रति जागरूक करने के लिए अपने स्वभाव से शिक्षित करने का प्रयास हमारे जिले के लिए एक मिसाल के रूप में काव्य साहित्य के प्रति जन मानस को अग्रसर करने के लिए प्रयासरत है। इस मौके पर नीरज कुमार सक्सेना पूर्व जिला कार्यकम प्रबन्धक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने साहित्य के प्रति छुपी प्रतिभा को मीडिया के समक्ष श्रीमती बीना श्रीवास्तव की भावनाओं एवं साहित्य लेखन काव्य पुस्तको के विषय में अवगत कराया।श्रीमती बीना श्रीवास्तव के पति ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव द्वारा पत्नी को पाठ्य लेखन कार्य करने में सहयोग के लिए सराहना की।

# ग्राम पंचायतों में महालक्ष्मी किटों का वितरण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ग्राम पंचायतों में आयोजित शिविरों में मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट का वितरण किया गया। ग्राम पंचायतों में उपस्थित लाभार्थियों ग्रामीणों को मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट के साथ- साथ पंपलेट कैलेंडर एवं बुकलेट का वितरण भी किया गया ।उक्त आयोजित कार्यक्रमों में विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय स्टॉल लगाए गए । साथ ही स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किए गए। स्वास्थ्य शिविर के दौरान टी बी स्क्रीनिंग एवं स्किल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग एएनएम एवं आशा द्वारा की गई। ग्राम पंचायतों में लाभार्थियों को





अपने प्रक्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रमों के उपरांत कृषि ड्रोन के माध्यम से कीटनाशक का छिड़काव का प्रदर्शन भी किया गया। उधर ग्राम सभा मझोला द्वितीय एवं बिरिया, खटीमा में विकसित भारत संकल्प यात्रा बहुउद्देशीय शिविर में चंद्रशेखर मुडिला जिला पंचायत सदस्य, गणेश दत्त चौसलीण मंडल महामंत्री भाजपा कृष्णा सिंह मेहरा, किसान नेता रविंद्र सिंह ज्वाला ग्राम प्रध ान विद्या महेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान मझोला द्वितीय उपस्थित रहे। कार्यक्रम अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग, मत्स्य विभाग,खाद्य आपूर्ति द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। श्रीमति शीतल राणा, श्रीमती शांति देवी द्वारा प्रधानमन्त्री आवास योजना, श्याम सिंह,अनीता देवी एवं राकेश भट्ट स्वच्छ भारत मिशन शौचालय से, सोहन सिंह प्रध ानमंत्री किसान सम्मन निधि योजना मेरी कहानी मेरी जुबानी के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं से मिले लाभ से लाभान्वित होने की शिकार अनुभव को ग्रामीणों के मध्य सजा कर केंद्र सरकार में राज्य सरकार को धन्यवाद किया गया एवं उपस्थित ग्रामीणों को उन योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए प्रेरित किया गया।







# उत्तरांचल दर्पण
## सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

### कुश्ती महासंघ का निलंबन

केंद्रीय खेल मंत्रालय ने जिस तरह भारतीय कुश्ती महासंघ यानी डब्लूएफआइ को निलंबित कर दिया, उससे यह पता चलता है कि इस मसले पर चल रही खींचतान के बीच कैसे एक तरह से अराजक माहौल खड़ा हो रहा था और इसके लिए सरकार के रुख पर सवाल उठ रहे थे। हालांकि डब्लूएफआइ के संदर्भ में सरकार के ताजा फैसले का आधार तकनीकी है, लेकिन इसका एक संदेश यह भी निकला है कि महिला खिलाड़ियों ने भारतीय कुश्ती महासंघ के समूचे ढांचे और कामकाज के तौर-तरीके को लेकर जो आईना दिखाया था, वास्तव में वह जमीनी हकीकत की बुनियाद पर उठाए गए ठोस सवाल थे। इसके बावजूद बेहद विचित्र तर्कों और परिस्थितियों के बीच भारतीय राजनीति में कद्दावर माने जाने वाले कुछ खास लोगों को बचाने की कोशिशें चलती रहीं और महिला पहलवानों के आरोपों को निराधार बताया जाता रहा। अब जिस आधार पर भारतीय कुश्ती महासंघ की नई संस्था को निलंबित किया गया है, उससे यह साफ होता है कि आंतरिक ढांचे में एक विचित्र मनमानी चल रही थी, जिसका खमियाजा कुश्ती के खेल और इसके खिलाड़ियों को उठाना पड़ रहा था। दरअसल, कुश्ती महासंघ पर जो कार्रवाई की गई है, उसकी वजह राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता को जल्द आयोजित कराने का फैसला है। सरकार के मुताबिक, हाल ही में डब्लूएफआइ के नव-निर्वाचित सदस्यों ने निर्णय लेने के क्रम में नियमों का उल्लंघन किया। चुनाव जीतने के कुछ ही देर के बाद इसके अध्यक्ष ने उत्तर प्रदेश के गोंडा में 28 दिसंबर से अंडर 15 और अंडर 20 राष्ट्रीय प्रतियोगिता कराने की घोषणा कर दी थी और पिछली तदर्थ समिति के सभी फैसलों को खारिज कर दिया था। इसके पीछे इस वर्ष में बहुत कम समय बचने या नए पहलवानों का भविष्य बचाने जैसी दलीलें दी जा सकती हैं, मगर सवाल है कि इस क्रम में निर्धारित नियमों को ताक पर रख कर फैसला लेने को कैसे उचित ठहराया जा सकता है? डब्लूएफआइ की नई संस्था के गठन और नए पदाधिकारियों के चयन के संबंध में जो खबरें आई हैं, उनके मद्देनजर देखा जाए तो ऐसा लगता है कि चुनाव प्रक्रिया में भी नियमों का पूरी तरह पालन करना जरूरी नहीं समझा गया। ऐसे में अगर केंद्र सरकार ने भारतीय ओलंपिक संघ से कुश्ती संघ से जुड़े कार्यों की देखरेख के लिए एक तदर्थ समिति गठित करने को कहा तो उसका तकाजा समझा जा सकता है। गौरतलब है कि पिछले काफी समय से कई महिला पहलवानों ने भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर कई गंभीर सवाल उठाए थे और आंदोलन भी किया था। मगर उनकी मांगों पर सरकार ने कोई साफ रुख अख्तियार नहीं किया। हाल में जब डब्लूएफआइ का चुनाव हुआ तब भी उसके अध्यक्ष के रूप में बृजभूषण शरण सिंह के ही नजदीकी माने जाने वाले व्यक्ति की नियुक्ति हुई। इसी से निराश साक्षी मलिक ने कुश्ती से संन्यास लेने की घोषणा कर दी और कई अन्य पहलवानों ने अपने पदक लौटा दिए। किसी भी हाल में यह कोई आदर्श स्थिति नहीं है। महिला पहलवानों ने डब्लूएफआइ के कुछ उच्चाधिकारियों के खिलाफ शिकायत उठाई थी, उसमें एक तरह से कुश्ती संघ के भीतर नियमों को ताक पर रख कर चलाई जा रही मनमानी पर रोक लगाने की भी मांग शामिल थी।

# वीर साहिबजादों का बलिदान साहस और अटूट समर्पण का प्रतीकः राज्यपाल

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने वीर बाल दिवस के अवसर वीर साहिबजादों का भावपूर्ण स्मरण किया है। राज्यपाल ने बाबा जोरावर सिंह, बाबा फतेह सिंह एवं माता गुजरी जी के बलिदान को याद करते हुए अपनी श्रद्धाजंलि दी है। पूर्व संध्या में जारी अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि आज वीर साहिबजादों के त्याग,



बलिदान, वीरता, साहस की महान पराकाष्टा को याद करने का दिन है, जिन्होंने अपने धर्म, संस्कृति और राष्ट्र के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका बलिदान भारतीय पारंपरिक मूल्यों को दर्शाता है। राज्यपाल ने कहा कि 'वीर बाल दिवस' भारतीयों के दिलों में एक विशेष स्थान रखता है, जो राष्ट्र की प्रगति में बच्चों के अमूल्य योगदान को याद करता है। सिख धर्म में, बलिदान की गूंज इतिहास में गहराई से अंतर्निहित है, खासकर युवा साहिबजादों के जीवन के माध्यम से इसकी प्रासंगिकता और भी बढ़ जाती है। इन बहादुर बच्चों ने अटूट साहस का प्रदर्शन किया और मुगलों के खिलाफ 'खालसा पंथ' की पहचान और गरिमा को बनाए रखते हुए अपने विश्वास के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। इसलिए, वीर बाल दिवस न केवल उन्हें बल्कि अनगिनत बच्चों को भी श्रद्धांजलि देता है, जिन्होंने प्रतिकूल परिस्थितियों में असाधारण बहादुरी दिखाई है। उन्होंने कहा कि इन युवा नायकों की ताकत न केवल उनके शारीरिक लचीलेपन में है, बल्कि सिख धर्म के मूल सिद्धांतों न्याय और समानता के सिद्धांतों को बनाए रखने के लिए उनके दृढ़ संकल्प में भी निहित है। जिस तरह साहिबजादों ने अशांत समय का सामना गरिमा और ईमानदारी के साथ किया, उसी तरह आज के बच्चे उनकी विरासत से प्रेरणा लेते हैं, समकालीन चुनौतियों का सामना करते हुए भी लचीलापन दिखाते हैं। हर साहसी बच्चे के पीछे एक परिवार खड़ा होता है जो सच्चे धैर्य का प्रतीक है, और सिख समुदाय कोई अपवाद नहीं है। राज्यपाल ने कहा कि साहिबजादों के परिवार, विशेष रूप से उनकी मां, माता गुजरी जी ने प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करते हुए अद्वितीय शक्ति और विश्वास का प्रदर्शन किया। उनका बलिदान आज चुनौतियों का सामना कर रहे सिख परिवारों के लिए प्रेरणा के स्रोत के रूप में काम करता है। वीर बाल दिवस मानते हुए हम न केवल बचपन की खुशी और मासूमियत का आनंद लें, बल्कि सिख धर्म के संदर्भ में असाधारण बच्चों और उनके परिवारों के लचीलेपन, ताकत और बलिदान पर भी विचार करें। साहिबजादों की विरासत और सिख इतिहास में अंतर्निहित बलिदान हमें याद दिलाते हैं कि करुणा, बहादुरी और न्याय के मूल्य युगों से बने हुए हैं। राज्यपाल ने कहा कि विश्व के इतिहास में केवल श्री गुरु गोविंद सिंह जी ही ऐसे महापुरुष हुए, जिनको ''शहीद पिता के बेटे और शहीद बेटों के पिता होने का गौरव'' प्राप्त था। इन युवा नायकों का सम्मान करके, हम एक ऐसी दुनिया बनाने की प्रतिज्ञा करते हैं जहां हर बच्चा, चाहे वह किसी भी धर्म का हो, सीख सकता है, और शांति और प्रेम के माहौल में पनप सकता है। ऐसा करते हुए, हम यह सुनिश्चित करते हैं कि सिख इतिहास और उससे परे इन युवा नायकों के बलिदानों को कभी भुलाया न जाए। राज्यपाल ने कहा कि सिख धर्म अपनी उत्पत्ति के बाद से ही समाज में एक सकारात्मक संदेश देने का कार्य कर रहा है। यह मात्र कोई धर्म नहीं बल्कि राष्ट्रप्रेम की भावना को साथ में रखकर जीवन जीने की सभ्यता है। सिख शब्द का अर्थ है सत्य की खोज। सिख धर्म महिलाओं और पुरुषों की समानता के लिए तत्पर है, यह सभी प्रकार के भेदभाव की निंदा करता है और मानव स्वतंत्रता, समानता, बंधुत्व, सार्वभौमिकता, विवेक की स्वतंत्रता, सामाजिक न्याय, नैतिक जीवन, लिंग समानता, और ''चढ़दी कलां'' या गतिशील शक्ति के लिए खड़ा है। यह प्रेम, निस्वार्थ सेवा, मानवीय गरिमा, आत्मसम्मान, सिमरन और ''सरबत दा भला'' में विश्वास करता है। उन्होंने कहा कि छोटे साहिबजादे, बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह, गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे बेटे थे। 1705 में, मुगल काल के दौरान उन्हें बंदी बना लिया गया था और जबरन धर्म परिवर्तन से इंकार करने पर उन्हें मृत्यु दण्ड सुनाई गई। छह और नौ साल की उम्र में, वे अपने धर्म को छोड़ने की बजाय मृत्यु चुनी और इसके परिणामस्वरूप मुगलों द्वारा उन्हें दीवार में जिंदा चुनवाने का आदेश जारी किया गया। वह असाधारण साहस और सिख सिद्धांतों के प्रति अटूट समर्पण का प्रतीक हैं। राज्यपाल ने कहा कि सिख गुरु परंपरा केवल आस्था और आध्यात्म की परंपरा नहीं है। ये 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के विचार का भी प्रेरणा पुंज है। पवित्र श्री गुर ग्रंथ साहिब में सिख गुरुओं के साथ साथ भारत के अलग-अलग कोनों से 15 संतों की वाणी भी समाहित है। दशमेश गुरु, गुरु गोविंद सिंह जी का जन्म पूर्वी भारत में पटना में हुआ, उन्होंने उत्तर पश्चिमी भारत के पहाड़ी अंचल में काफी समय तक कार्य किया और उनकी जीवन यात्रा महाराष्ट्र में सम्पन्न हुई। गुरु के पंच प्यारे भी देश के अलग अलग हिस्सों से थे, इस प्रकार सिख धर्म एक भारत श्रेष्ठ भारत कि संकल्पना का अतुलित उदाहरण है। 'व्यक्ति से बड़ा विचार, विचार से बड़ा राष्ट्र', 'राष्ट्र प्रथम' का ये मंत्र गुरु गोबिंद सिंह जी का अटल संकल्प था।जब उनके बेटों का बलिदान हुआ, तो उन्होंने अपनी संगत को देखकर कहा- 'इन पुत्रन के सीस पर, वार दिए सुत चार, चार मूये तो क्या हुआ, जीवत कई हजार'। अर्थात, मेरे चार बेटे मर गए तो क्या हुआ? संगत के कई हजार साथी, हजारों देशवासी मेरे बेटे ही हैं। ''राष्ट्र प्रथम'' को सर्वोपरि रखने की ये परंपरा, हमारे लिए बहुत बड़ी प्रेरणा है। राज्यपाल ने कहा कि इसलिए, जब माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरु गोबिंद सिंह जी के बेटों की शहादत को याद करने के लिए 26 दिसंबर को "वीर बाल दिवस" के रूप में मनाने कि घोषणा की, तो यह सिख धर्म के मूल्यों के साथ गहराई से गूंज उठा। यह मार्मिक अवसर भारत के बच्चों के कल्याण और शिक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता पर जोर देता है।

# नये साल का जश्न मनाने नैनीताल, मसूरी और ऋषिकेश में उमड़े सैलानी

## पर्यटकों से हुआ गुलजार उत्तराखंड, होटल और रिजॉर्ट पैक

देहरादून/नैनीताल/मसूरी/ऋषिकेश(उद ब्यूरो)। क्रिसमस और नए साल से पहले उत्तराखंड के पर्यटन स्थल सैलानियों से गुलजार हो गए हैं। गाजियाबाद, मेरठ, हरियाणा, पंजाब, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश आदि राज्यों से सैलानी क्रिसमस मनाने उत्तराखंड पहुंच रहे हैं। दिन प्रति दिन बढ़ती पर्यटकों की संख्या से कारोबारियों के चेहरे भी खिलने लगे हैं। सोमवार को क्रिसमस की छुट्टी ने सैलानियों के वीकेंड को खास बना दिया है। मसूरी से लेकर चकराता, नैनीताल और ऋषिकेश पर्यटकों से पैक हैं। वहीं, होटल और रिजॉर्ट भी फुल हो गए हैं। बड़ी संख्या में पर्यटकों के पहुंचने से जाम की स्थिति भी बनी हुई है। सुबह से शाम तक वाहन सड़कों पर रेंग रेंगकर चलते नजर आए। यहां औली, लैंसडोन और मसूरी में पर्यटकों की खासी भीड़ उमड़ी है। वहीं, कई जगह जाम से भी सैलानियों को हलकान होना पड़ा। सुबह से ही जाम की स्थिति बनने से वाहन रेंग-रेंगकर चलते नजर आए। पहाड़ों की रानी मसूरी में वीकेंड पर बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचे, जिससे शहर के चौक चौराहों पर बार-बार ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रही। इसकी वजह से पर्यटक और स्थानीय लोग परेशान रहे। मसूरी में क्रिसमस की तैयारी पूरी हो गई है। शहर के अधिकांश होटल क्रिसमस के लिए एडवांस बुक हो गए हैं। वहीं वीकेंड पर 80 और क्रिसमस के लिए शहर के 50 फीसदी होटल पैक हो गए हैं। शहर में बड़ी संख्या में पर्यटकों के पहुंचने से चौक चौराहों पर ट्रैफिक जाम लगा है। पर्यटक और स्थानीय लोग जाम से परेशान दिखे। वहीं, पुलिस को भी स्थिति संभालने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। नैनीताल के पर्यटन स्थलों में भी पर्यटकों का जमावड़ा लगा हुआ है। पर्यटक वाहनों का दबाव बढ़ने से नगर में दिनभर कई बार यातायात प्रभावित रहा। शहर में लगातार वाहनों के प्रवेश से तल्लीताल, मल्लीताल व मालरोड पर वाहनों की लंबी कतार नजर आई और वाहन रेंगरेंग कर चले। इसके चलते पर्यटकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट ने बताया कि क्रिसमस और थर्टीफस्ट में पर्यटकों की भीड़ उमड़ने की संभावना है। यातायात निरीक्षक आदेश कुमार ने बताया कि शनिवार को भारी संख्या में पर्यटक नैनीताल पहुंचे हैं। ऋषिकेश में शिवपुरी, तपोवन और स्वर्गाश्रम क्षेत्र में क्रिसमस और नए साल की तैयारियां को लेकर कैंप और रिजॉर्ट पूरी तरह से सज गए हैं। जश्न मनाने के लिए दिल्ली, पश्चिमी यूपी, हरियाणा, पंजाब और राजस्थान के करीब 70 प्रतिशत लोगों ने एडवांस ऑनलाइन बुकिंग भी कर ली है।







## मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

देहरादून। उत्तराखंड में अब मौसम बदल रहा है। बर्फबारी और ठंड के साथ-साथ अब कोहरे का प्रकोप भी लोगों को देखने को मिलेगा। पहाड़ से लेकर मैदानी इलाके में अब मौसम बदलने लगा है। बीते दो दिन से तापमान में भी मामूली बढ़ोतरी दर्ज की गई है। हालांकि, सुबह-शाम दून समेत आसपास के क्षेत्रों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले तीन दिन प्रदेश में मौसम शुष्क बना रहने के आसार हैं। ऐसे में पर्वतीय क्षेत्रों में पाला और मैदानी क्षेत्रों में कोहरा परेशानी बढ़ा सकता है। हरिद्वार और उधमसिंह जिले में कहीं-कहीं घने कोहरे को लेकर चेतावनी जारी की गई है।मौसम विभाग की मानें तो इस दौरान ज्यादातर क्षेत्रों में तापमान में भी एक से दो डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आ सकती है। उत्तराखंड में मौसम शुष्क है और ज्यादातर क्षेत्रों में चटख धूप खिल रही है। बीते दिनों बादल घिर आने से प्रदेशभर में अधिकतम व न्यूनतम तापमान में वृद्धि दर्ज की गई। हालांकि, सुबह-शाम कंपकंपी बनी हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार, अगले कुछ दिन प्रदेश में मौसम शुष्क बना रह सकता है। पर्वतीय क्षेत्रों में पाला परेशानी बढ़ा सकता है। जबकि, मैदानी क्षेत्रों खासकर ऊधमसिंह नगर और हरिद्वार में घना कोहरा छाने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। देहरादून समेत आसपास के क्षेत्रों में हल्की धुंध परेशानी बढ़ा सकता है।

## आनलाइन धोखधड़ी की आरोपी महिला को राजस्थान से किया गिरफ्तार

पिथौरागढ़ । लगभग एक लाख रूपय की आनलाइन धोखधड़ी के मामले में पिथौरगढ़ पुलिस ने एक महिला आरोपी को राजस्थान से गिरफ्तार किया है। इस मामले में 11 जुलाई को बेरीनाग थाने में एक तहरीर दी थी। तहरीर में कहा गया था कि नौ मई 2023 को उसके मोबाइल नंबर पर एक अज्ञात काल आई काल करने वाले ने अपने को उसका जीज बताकर 95,999 रूपय की आनलाइन इगी कर ली। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ भादवि धारा 420 के तहत मुकदमा दर्ज किया इस मामले में पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह के निर्देश पर आरोपीत की गिराफ्तारी के लिए पुलिस टीम द्वारा साइबर सेल की मदद से आरोपी का सुराग लगाया। पता चला की महिला आरोपीत मजीदन पन्ती इसब, निवासी ग्राम बामनी, थाना जुराहाना, जिला डींग राजस्थान की रहने वाली है। रविवार को उसके घर परपिथौरागढ़ पुलिस ने दबिश देकर हिरासत में लेते हुए सीआरपीसी की धारा 41 की नोटिस तामील कराया। आरोपीत को समय पर न्यायालय और पुलिस के समक्ष उपस्थित होने की हिदायत दी।

### अटल जी पर विशेष

अदम्य साहस के धनी अटल
देश का गौरव मान अटल
भारत रत्न की शान अटल
परमाणु शक्तियों का कराया परीक्षण,
जय विज्ञान का नारा दे गए अटल
सूरज का तेज लिए
ना रुके कहीं ना थमे कहीं
राजनीति की टेढ़ी सीढ़ी पर भी
निश्छल कदम कभी डगमगाये नहीं
ना डरे कभी ना थमे कहीं
अपने जीवन को आहूत कर
राष्ट्र प्रेम पर डटे रहे चाहे हार हो या जीत
चाहे जिंदगी हो या मौत
अपने कर्मपथ पर सदा निर्भय हो
राह अनूठी बनाते गए।
काव्य धारा बहती रगों में
कोमल हृदय के धनी अटल
खिल जाये पुष्प पत्थरो में भी
काव्यधारा रूपी संजीवन दे गए अटल
चाहे आये कितने ही बवंडर
चाहे आये कितने ही तूफान
हार कभी ना मानना जीवन में
देने पड़े जीवन में
चाहे कितने ही बलिदान
आजादी मिली हमें अनमोल
चुका नहीं सकता कोई इसका मोल,
राष्ट्र धर्म ही प्रथम कर्तव्य
यही सीख
दे गए अटल



लेखिका -निकेता पाहुजा ,रुद्रपुर

# कूड़ा घर में तब्दील हो चुका है पौराणिक गिरीताल सरोवर





काशीपुर(उद संवाददाता)। नगर निगम की जिम्मेदार अधिकारियों की निष्क्रिय कार्यशैली के चलते नगर का पौराणिक गिरी लाल सरोवर पिछले कुछ समय से कूड़ा घर में तब्दील हो चुका है। पर्यटन क्षेत्र के रखरखाव को लेकर की जा रही इस तरह की घोर लापरवाही से क्षेत्र के लोगों में आक्रोश है तो वहीं दूसरी हो पर्यावरण को भी भारी नुकसान हो रहा है। जातव्य है कि पिछले कुछ समय से निगम प्रशासन की अनदेखी के कारण काशीपुर का पौराणिक पर्यटक क्षेत्र गिरीताल सरोवर के आसपास कूड़े का अंबार लग चुका है। कूड़े की ढेर में घरों के कचरे के अलावा देवी देवताओं के चित्र भी पड़े देखे जा रहे हैं। बता दें कि गिरीताल क्षेत्र शहर के पास इलाकों में शुमार है। इस क्षेत्र में अधिकांश लोग शिक्षित एवं संसाध नों से लैस है बावजूद इसके कोई भी व्यक्ति पौराणिक सरोवर गिरीताल के सौंदर्यकरण एवं साफ सफाई को लेकर आगे आने को तैयार नहीं है। यही कारण है कि कई बिगो में फैला सरोवर धीरे-धीरे सिमट कर काम होता जा रहा है। सरोवर के मुख्य मार्ग पर एक ऐतिहासिक मंदिर है। सरोवर के सौंदर्य करण को लेकर सरकार की ओर से समय-समय पर धन आवंटन कराए जाते हैं लेकिन बताया जा रहा है कि उसे धन का भली प्रकार प्रयोग नहीं होने के कारण पौराणिक सरोवर की हालत आज से बदतर है। इसके अलावा पौराणिक सरोवर में घरों के एवं एक निधि अस्पताल का गंदा पानी भी छोड़ा जा रहा है। कूड़ा और मूर्तियां विसर्जित किए जाने के कारण सरोवर की हालत निरंतर खराब हो रही है। गिरीताल सरोवर की साफ सफाई एवं सौंदर्य करण को लेकर पूर्व में ईओं को स्थानीय लोगों द्वारा पत्र प्रेषित किए जाने के बावजूद अब तक इस मामले में कोई सार्थक कदम नहीं उठाया जा सका।

# महामना मदन मोहन मालवीय की जयंती मनाई

काशीपुर(उद संवाददाता)। अखिल ब्राह्मण उत्थान महासभा के तत्वाधान में स्वर्गीय सत्येंद्र चंद्र गुड़िया मार्ग में स्थित श्री जगदीश प्रेरणा भवन के सभागार में भारत रत्न महामना पंडित मदन मोहन मालवीय की 162 वी जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका मुख्य विषय था राष्ट्र निर्माण में पंडित मदन मोहन मालवीय का योगदान, इस अवसर



पर बोलते हुए अखिल ब्रह्मण उत्थान महासभा के महानगर अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा की पंडित मदन मोहन मालवीय का, पहले राष्ट्र सर्वोपरि है ,यह नारा था साथ ही उन्होंने राष्ट्र निर्माण में अपने जीवन को समर्पित कर दिया है तथा उच्च शिक्षा के लिए कई संस्थाओं को देश के लिए समर्पित किया। आज का दिन उन लोगों के लिए प्रेरणा उत्सव है जो भारत और भारतीयता पर विश्वास रखते हैं मालवीय जी का जीवन एक ऐसे दर्पण के समान था जिस दर्पण को देखकर आज पूरा देश भारतवर्ष को पुनः विश्व गुरु बनाने के लिए अग्रसर कर सकता है। गोष्ठी में मिष्ठान वितरण करते हुए भास्कर त्यागी एडवोकेट तथा अन्य कई वक्ताओं ने भी अपने विचार रखें। इस मौके पर इस मौके पर भास्कर त्यागी एडवोकेट, देवांग मिश्रा एडवोकेट ,सैयद आसिफ अली एडवोकेट ,अचल वर्मा एडवोकेट, ममता मिश्रा एडवोकेट, कर्तव्य मिश्रा एडवोकेट ,रामकुमार चौहान एडवोकेट आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# कालाढूंगी पुलिस ने चलाया सघन चेकिंग अभियान



कालाढूंगी(उद संवाददाता)। एसएसपी के निर्देश पर सोमवार को न्यू यर और क्रिसमस डे पर देश विदेश आने आने बाले पर्यटकों की कालाढूंगी पुलिस द्वारा संघन चैकिंग अभियान चलाया गया। सुबह से ही डांग बंगला तिराहे से होते हुए नैनीताल जाने वाले मार्ग पर पुलिस द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। नववर्ष क्रिसमस डे के चलते नैनीताल जाने वाले पर्यटकों की तादाद मे काफी बढ़ोत्तरी हुई जिसको देखते हुए पुलिस प्रशासन सख्ती से चेकिंग अभियान चला रही है।चैकिंग के दौरान कार में रखी शराब की बोतलें न ले जाने की पुलिस द्वारा हिदायद दी जा रही है। पुलिस प्रशासन का मानना है कि हर पर्यटक की दिली ख्वाहिश रहती है कि नववर्ष का आगाज उत्तराखंड राज्य के सबसे आकर्षक और सुंदर पर्यटक स्थल नैनीताल का दीदार कर अपने नववर्ष की शुरुवात करना चाहते है ऐसे में प्रशासन को काफी मशक्कत करनी पड़ती है। इस नववर्ष पर नैनीताल आने वाले पर्यटकों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। नैनीताल जाने वाली प्रत्येक गाड़ी स्वामी से होटल बुकिंग रसीद दिखाने पर ही गाड़ियों को जाने दिया जा रहा है। नैनीताल जाने वाली गाड़ियों में विशेषकर शराब निषेध की है जिससे हादसों पर लगाम लगाई जा सके। नववर्ष की तैयारियों को लेकर नैनीताल शहर में प्रवेश करने वाले पर विशेष निगरानी की जा रही है। पिछले साल के मुताबिक नैनीताल में जाम की समस्या के चलते हाईकोर्ट ने पुलिस व प्रशासन को शहर में बड़े वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए थे। सूत्रों के चलते प्रशासन ने पार्किंग की व्यवस्था नैनीताल से कई किलोमीटर दूर अन्य जगहों पर की है। नतीजन पर्यटकों की बुकिंग में इस बर्ष कम बताई जा रही इतना ही नहीं पर्यटकों ने इसके चलते नैनीताल में लंबी अवधि की बुकिंग से भी मुंह फेर लिया है। इस दौरान एसआई गगन दीप, एसआई जसबीर सिंह, कांस्टेबल रविंद्र सिंह, टिपी ललित बिनबाल, एच जी विकास आदि पुलिस कर्मी मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री और डीजीपी भी बुलडोजर चलवाने वालों में शामिल : करन माहरा

## महिला उत्पीड़न के मामलों में उत्तराखंड टॉप पर पहुंचा

देहरादून(उद संवाददाता)। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड मामले में साक्ष्य छिपाने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के इस्तीफे की मांग की है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा, रिजॉर्ट में जिसने बुलडोजर चलाया उसके कोर्ट में बयान दर्ज हुए हैं। उसका कहना है कि क्षेत्रीय विधायक रेनू बिष्ट और एसडीएम के कहने पर उसने ऐसा किया। आरोप लगाया कि उस दौरान मुख्यमंत्री और वर्तमान में डीजीपी भी बुलडोजर चलवाने वालों में शामिल थे। इन सभी लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करना चाहिए। कांग्रेस भवन में मीडिया से बातचीत में माहरा ने 24 सितंबर 2022 के सीएम के ट्वीट को दिखाते हुए बताया, इसमें लिखा है कि आरोपियों के गैरकानूनी रूप से बने रिजॉर्ट पर कल देर रात बुलडोजर से कार्रवाई की गई है। कहा, हालांकि सीएम ने बाद में कानूनी राय लेने के बाद ट्वीट को हटा दिया। इसके अलावा वर्तमान में डीजीपी ने भी ट्वीट किया था। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, अपराध करने के बाद बड़ा



अपराध सबूत मिटाना है। इस मामले में चारों लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज होना चाहिए। इस मसले पर लोगों का भी यही आरोप था कि विधायक ने बुलडोजर चलवाया है, लेकिन पुलिस ने अब तक विधायक का बयान नहीं लिया। कहा, पुलिस की एक रिपोर्ट में भी कहा गया कि बुलडोजर चलाने से केस पर कोई फर्क नहीं पड़ता। पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो इसके लिए सीएम को पद से इस्तीफा देना चाहिए। इस मसले पर क्या कांग्रेस, सीएम एवं अन्य के खिलाफ मुकदमा कराएगी के सवाल पर कहा, यदि कोई बड़ा अपराध होता है तो संबंधित से पूछताछ होनी चाहिए। यदि अपराध में शामिल है तो मुकदमा होना चाहिए। वहीं, मूल निवास कट ऑफ डेट 1950 के मसले पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, इस पर आम राय बननी चाहिए। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने एनसीआरबी की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा, दुष्कर्म मामले में उत्तराखंड नौ पहाड़ी राज्यों में टॉप पर है।रिपोर्ट के अनुसार उत्तराखंड में लगभग प्रति वर्ष 905 महिलाओं से दुष्कर्म व 778 का अपहरण हुआ है। यदि देश की बात करें तो देशभर में अपहरण के मामले व महिला अपराध में उत्तराखंड छठे पायदान पर है।

# वीर बाल दिवस पर चार साहिबजादों को दी श्रद्धांजलि

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। श्री गुरु नानक इंटर कॉलेज में वीर बाल दिवस मनाया गया। वीर बाल दिवस पर सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह के चार साहबजादे अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह, फतेह सिंह, की वीरता और बलिदान को याद किया। वीर बाल दिवस पर छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य तरसेम सिंह ने कहा है कि चार साहिबजादे के जीवन से प्रेरणा लेकर सत्य व धर्म के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज व उनके परिवार के इतिहास की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज व उनके चार साहबजादे, माता गुजरी को नमन किया। इस मौके पर संपूर्ण सिंह बख्तावर सिंह, राजेंद्र कौर, सिमरजीत कौर, नेम चंद्र मौर्य राजेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह, प्रशांत विश्वास आदि थे।

## पेज एक का शेष...

**ईंट भटटे की दीवार ....**कराया गया। जहां एक मजदूर ने दम तोड़ दिया। एसएसपी और डीएम ने भी मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया और ग्रामीणों से बात की। एसएसपी हरिद्वार प्रमेंद्र डोबाल ने बताया कि दस मजदूर घायल हैं। उनका इलाज चल रहा है। मामले में दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**मूल निवास प्रमाण..**और निवास प्रमाण पत्र को लेकर जो लोग आन्दोलन कर रहे हैं उन्हें यह स्पष्ट करना होगा कि वह संविधान में क्या संशोधन चाहते हैं? वर्तमान के वातावरण से राज्य को नुकसान ही होगा। सरकार लोगों की भावनाओं से खेलना अब बंद करे।

**शहीद साहबजादों...**बलिदान कि हम सब पर ऋण हैं। वीर बाल शहीदों का ऋण हम जीवन पर्यंत नहीं उतार सकते। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद जोशी, नगर अध्यक्ष जीवन धामी, नगर महामंत्री मनोज वाधवा, महिला मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहनी पोखरिया, जिला अध्यक्ष विमल मुंदेला, नगर उपाध्यक्ष अनुपम शर्मा, महिला नेत्री अंजू देवी, जिला उपाध्यक्ष हिमांशु बिष्ट, मंडी डायरेक्टर संतोष अग्रवाल, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष नवीन भट्ट, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष किशन सिंह, भुवन भट्ट, सुरेश जीना, ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष सचिन रस्तोगी, विशाल रस्तोगी, रेनू भण्डारी, धना भण्डारी, पवन राणा, ओम प्रकाश ठाकुर, संतोष गौरव, नीरज रस्तोगी नवल वाल्मीकि, अनीता ज्याला, स्वती मिश्रा, गोविंद मेहता, सरफराज हुसैन, रशीद मिर्जा, इंदिरा चंद, कल्पना राणा, ललित जोशी आदि थे।

**टिहरी में धामी का ...**सरकार पूरी उर्जा के साथ काम कर रही है। उत्तराखण्ड देश विदेश में नई पहचान बना रहा है।आने वाले दिनों में करोड़ों का निवेश होने से प्रदेश में हजारों रोजगार मिलेंगे। इससे जहां राज्य में खुशहाली आयेगी वहीं पलायन भी रूकेगा।

# शहीद उधम सिंह को दी श्रद्धांजलि

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कलेक्ट्रेट में शहीद ऊधम सिंह जयंती पर उनकी प्रतिमा पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल द्वारा पुष्प अर्पित कर याद किया गया । इस दौरान पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि शहीद ऊधम सिंह ने अथाह देशभक्ति भाव से देश के खातिर अपना सर्वस्व अर्पण कर दिया। देश के प्रति उनके बलिदान



से हम सबकों सीख लेकर आजादी के महत्व को समझना चाहिये। उन्होंने कहा कि शहीद ऊधम सिंह जैसे सैकडों अमर शहीदों के जीवन गाथाओं व कुर्बानियों को आत्मसात करना चाहिये जिनके कठोर संघर्ष एवं बलिदान से आज हमको स्वतंत्र भारत के नागरिक होने का गौरव प्राप्त हुआ है। इस दौरान प्रदीप कुमार सागर ,दीपक सागर, हिम्मत राम कोली, दर्शन कोली ,ज्ञान सिंह कोली, सुशील कुमार ,राजू राजौरिया, सुमित कुमार सागर, अरविंद सागर , जितेंद्र चौधरी,बंटी कोली आदि लोग उपस्थित थे।

# वन विभाग कैंप कार्यालय में चंदन के पेड़ काटने से मचा हड़कंप

रुद्रप्रयाग। रुद्रप्रयाग वन विभाग के कैंप कार्यालय में पांच से छह चंदन के पेड़ों के काटने का मामला प्रकाश में है, विभाग ने इसकी जांच शुरू कर दी है। हालांकि यह पेड़ विभाग कार्यालय के पास ही काटे जाने से सवाल भी उठ रहे हैं। लगभग एक सप्ताह पूर्व वन विभाग कार्यालय जवाड़ी से सटे क्षेत्र में विभाग द्वारा लगाए गए चंदन के पेड़ को काट दिया गया। पेड़ वन विभाग की कैंप कार्यालय के पास संरक्षित क्षेत्र में थे। यह किसने काटे यह अभी तक पता नहीं चल पाया है। विभाग द्वारा यहां सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। लेकिन कैमरा खराब होने के कारण पेड़ काटने वालों की रिकार्डिग नहीं हो पाई। अब विभाग इसकी जानकारी जुटा रहा है कि आखिर यह पेड़ किसने काटे। संरक्षित चंदन के वृक्ष संरक्षित प्रजाति में होने के कारण मामले में वन विभाग में जांच शुरू कर दी है। यह पेड़ वन विभाग ने ही लगाए थे। संरक्षित प्रजाति का पेड़ होने के कारण वन विभाग के माथे पर पसीने छूट रहे हैं।

# जगद्गुरु आश्रम पहुंचे मोहन भागवत

हरिद्वार। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत रविवार को जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी राजराजेश्वराश्रम महाराज से मिलने पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने माता राजराजेश्वरी के सामने मत्था टेका। इसके बाद पांच हजार वर्ष पूर्व महाभारत कालीन शिव मंदिर और ब्रह्मलीन संत स्वामी प्रकाशानंद महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया।जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी राजराजेश्वराश्रम महाराज से गोपनीय वार्ता की और संत समाज व संघ के अन्य जिम्मेदारों से भेंट के दौरान कुशलता पूछी। उन्होंने मौजूद संतों और स्वयंसेवियों तथा विचार परिवार के अन्य शीर्षजनों से 22 जनवरी को अयोध्या में मिलने का वादा किया।जगद्गुरु ने कहा कि संत समाज ही नहीं समूचे



विश्व में मौजूद रामभक्त खुश हैं। राम राज्य की परिकल्पना के साथ जिस मंदिर के निर्माण मुहिम शुरू हुई वह आज साकार होने वाली है। इसमें प्रत्येक उस संत का त्याग और बलिदान सार्थक हो रहा है, जिन्होंने राम मंदिर आंदोलन की नींव रखी।तमाम कारसेवकों का बलिदान सफल हुआ जिन्होंने सैकड़ों वर्ष पूर्व अपने आराध्य को स्थापित करने का संकल्प लिया था। इस दौरान दिव्य ज्योति सेवा मिशन के संस्थापक आशीष, विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक दिनेश, जगदीश गुप्ता, नारायण स्वामी, उमेश त्रिवेदी, अभिषेक त्यागी, गंगा सभा अध्यक्ष नितिन गौतम आदि मौजूद रहे।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक-परमपाल सुखीजा** **समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# अटल जी का उत्तराखंड के साथ रहा दिव्य रिश्ता: धामी

## काशीपुर में सीएम ने किया पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण एवं पार्क का लोकार्पण

काशीपुर (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को रामपुरम, बाजपुर रोड, काशीपुर में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न, स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती (सुशासन दिवस) के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण एवं पार्क का लोर्कापण किया। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि हम सपनों का भारत बना सकते हैं। भारत के आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जैसी दूरगामी सोच वाली परियोजना, परमाणु परीक्षण जैसे साहसी कदम अटल जी के नेतृत्व में इस देश ने देखी। अटल जी ने ही देश के विकास के लिए अलग लकीर खींचने का काम किया। शिक्षा, संचार तथा साफ्टवेयर तकनीक के क्षेत्र में अटल जी ने भारत का लोहा विश्व में मनवाया। सुशासन, सामाजिक सशक्तिकरण अटल जी का जीवन दर्शन था। उन्होंने अपने प्रधानमंत्री काल में अनेकों ऐतिहासिक कार्य करते हुए समस्त देशवासियों को अपने सामर्थ्य से परिचित कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल जी अन्त्योदय के दर्शन को कार्यरूप देने में विश्वास रखते थे। वे हमेशा समाज के गरीब और वंचित वर्ग के लिए चिंतित व सक्रिय रहते थे। उन्होंने राष्ट्रधर्म को हमेशा दलगत राजनीति से ऊपर रखा, समानता और सामाजिक समरसता के प्रति वे सदा तन-मन से समर्पित रहे। उन्होंने कहा स्व. अटल जी का उत्तराखंड के साथ दिव्य रिश्ता है। स्व. अटल जी के नेतृत्व वाली सरकार ने ही उत्तराखंड राज्य की स्थापना कर हम सभी के सपनों को साकार करने का काम किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड की डबल इंजन की सरकार श्रद्धेय अटल जी के सपनों का उत्तराखंड बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।केंद्र एवं राज्य सरकार निरंतर राज्य के चहुंमुखी विकास एवं नागरिकों की सेवा के लिए प्रयासरत है। आदरणीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में हम सभी भव्य और दिव्य भारत को बनते हुए देख पा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में हमारी सरकार एक भारत, श्रेष्ठ भारत की संकल्पना को सार्थक करने हेतु उत्तराखंड को देश का श्रेष्ठ राज्य बनाने के अपने 'विकल्प रहित संकल्प' को पूर्ण करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।केन्द्रीय पर्यटन एवं रक्षा



राज्यमंत्री अजय भट्ट ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को नमन करते हुए उनके द्वारा देश के सर्वांगीण विकास हेतु की गई अभिनव पहल तथा विकास कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सुशासन की संकल्पना हमारी सरकार में आई। लोगों की वास्तविक जरूरतों को पूरा करना सुशासन की श्रेणी में आता है। उन्होंने कहा स्वर्गीय अटल जी के बताए रास्ते पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार आगे बढ़ रहे हैं। अटल जी की योजनाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगे बढ़ा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोनाकाल में गरीब जनता की चिंता को दूर करते हुए मुफ्त वैक्सिनेशन के साथ ही मुफ्त राशन की व्यवस्था की। प्रधानमंत्री जी सभी वर्ग की चिंता करते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की शालीनता, विनम्रता की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री होने के बावजूद भी धामी ने अपनी जड़ों को नहीं छोड़ा है और सभी से पूरी शालीनता से मिलते हैं। प्रदेश, मुख्यमंत्री श्री धामी के नेतृत्व में विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। कैबिनेट मंत्री एवं जनपद प्रभारी श्री गणेश जोशी ने स्वर्गीय अटल जी को नमन करते हुए कहा कि अटल जी हिमालय जैसे विराट, मां गंगा जितने पवित्र थे। देश के विकास हेतु पूरे समर्पण भाव से कार्य करते रहे। अटल जी ने देश को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में लगातार काम किए और विश्व पटल पर देश का मानख्रसम्मान भी बढ़ाया। इस दौरान प्रदेश संगठन महामंत्री अजेय कुमार, विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, शिव अरोड़ा, अरविन्द पाण्डेय, पूर्व विधायक डॉ.शैलेंद्र मोहन सिंघल, उपाध्यक्ष राज्य महिला आयोग सायरा बानो, अध्यक्ष उत्तराखंड कृषि उत्पादन एवम विपणन बोर्ड डॉ.अनिल कपूर डब्बू, अध्यक्ष एस.सी आयोग मुकेश कुमार, बीजेपी जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, बीजेपी प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, एवं अन्य लोग रहे।







# धूमधाम से मनाया तुलसी पूजन एवं क्रिसमस डे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। महिला एवं सामाजिक जागरूकता कल्याण समिति ने तुलसी पूजन दिवस व क्रिसमस पर्व धूमधाम से मनाया। हर साल की तरह इस बार भी महिला एवं सामाजिक जागरूकता कल्याण समिति ने अटरिया मंदिर के पास न्यू शक्ति विहार कॉलोनी कलोनी में तुलसी पूजन दिवस व क्रिसमस डे धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का संचालन समिति की उपाधक्षा श्रीमती राधा सुभाष ने किया। सर्वप्रथम तुलसी माता का पूजन विधि विधान से समिति की सभी पदाधिकारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सारे बच्चों ने भजन, गीत,डांस और तुलसी पूजन के उपलक्ष में भाषण दिए। समिति की अध्यक्ष डॉक्टर उषा नरेंद्र जैन ने सभी को तुलसी पूजन का महत्व समझाते हुए कहा कि हिंदू धर्म में भगवान विष्णु की उपासना के साथ-साथ माता तुलसी की उपासना का भी विशेष महत्व है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार , प्रत्येक दिन तुलसी के पौधे की पूजा करने से और दीपक प्रज्वलित करने से विशेष लाभ प्राप्त होता है और परिवार में सुख-समृद्धि आती है। यह पर्व क्रिसमस के साथ मनाया जाता है और हिंदू धर्म में कोई भी अनुष्ठान, पूजा या शुभ कार्य बिना तुलसी के अधूरी मानी जाती है। तुलसी भगवान विष्णु का अति प्रिय होती है। इसी कारण से भगवान के भोग में तुलसी के पत्तों को अवश्य शामिल किया जाता है। दरअसल तुलसी पूजन दिवस मनाने की शुरुआत साल 2014 से प्रारंभ हुई। इसमें भारत सरकार के कई केंद्रीय मंत्रियों, साधु- संतों और आमजन ने तुलसी के पौधे का औषधीय और धार्मिक महत्व को समझते हुए सोशल मीडिया के जरिए प्रचार और प्रसार किया। तभी हर वर्ष 25 दिसंबर को तुलसी पूजन दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रतिभाग करने वाले सभी बच्चों को समिति की तरफ से गिफ्ट दिया गया और कार्यक्रम में उपस्थित सभी बच्चों को टॉफी,पेंसिल, एरेजर,सापनर,बाल, दिया गया। कार्यक्रम के अंत में अभी बहनों को तुलसी मां पूजन का प्रसाद दिया गया। इस कार्यक्रम में श्रीमती राधा सुभाष,ममता, सीता देवी, दुर्गावती, रूपा,श्वेता,बीनू,सुधा,नीरमती, बबिता, आकशा,पलक, बब्बी,पूजा, सुहानी, अंजलि,जानू,रीवा, गौरा,किरण, अनीता, नीरमती,सुषमा, अंकिता, सुधा,पूनम सिंह आदि महिलाऐं उपस्थित रही।





# महिला स्मैक तस्कर गिरफ्तार

शक्तिफार्म( उद संवाददाता)। ऑपरेशन प्रहार के अंतर्गत शक्तिफार्म चौकी पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्यवाही करते हुये 23 वर्षीय महिला स्मैक तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश एवं प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के



तहत शक्तिफार्म चौकी पुलिस ने पिपलिया निवासी 23 वर्षीय राधा कौर पत्नी सोनू सिह को 8.29 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। महिला स्मैक तस्कर को गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक जगदीश चन्द्र तिवारी, कांस्टेबल देवेन्द्र कन्याल भारत भूषण एवं महिला कांस्टेबल ज्योति शमी शामिल थे।

# पीएम आवास का सपना बुधवार को होगा साकार

काशीपुर( उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री आवास योजना( शहरी) के तहत निर्बल आय वर्ग के लोगों के लिए तैयार किया जा रहे भवनो के आवंटन का इंतजार खत्म हो गया। कल यानी बुधवार को प्रदेश की राजधानी देहरादून स्थित विधानसभा में शहरी विकास एवं आवास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल महुआ खेड़ा गंज में तैयार हो रहे 99 आवेदनकर्ताओं तथा रामनगर में 390 आवेदनकर्ताओं को अलॉटमेंट लेटर प्रदान करेंगे। भवन आवंटन के पहले चरण में अलॉटमेंट लेटर प्राप्त किए जाने को लेकर यहां आवेदन कर्ताओं मैं भारी उत्साह देखा जा रहा है। ज्ञातव्य है कि प्रधानमंत्री आवास योजना भारत सरकार का ऐसा अंनूठा उपक्रम है जिसमें निराश्रित बेसहारा लोगों को उनके पक्के मकान मिलने का सपना साकार होने जा रहा है। सरकार ने नौ राज्यों के 305 शहरों में इस परियोजना को मूर्त रूप देना शुरू किया है। तमाम शहरों में प्रधानमंत्री आवास योजना अपने अस्तित्व में आ चुकी है तो वहीं दूसरी ओर बाकी के शहरों में निर्माण कार्य तेजी से चल रहे हैं। माना जा रहा है कि वर्ष 2024 के अंत तक प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाखों लोगों को उनके पक्के मकान मिलेंगे।

**विधानसभा में 489 बेघर लोगों को मिलेंगे अलॉटमेंट लेटर**

# यीशु मसीह ने दिया विश्व शांति का सूत्र: सलदाना

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। संत अन्ना चर्च में विगत वर्षों की भांति क्रिसमस का पर्व बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। रात्रि जागरण के साथ समारोह का शुभारंभ हुआ। प्रात: 9:30 बजे प्रार्थना अनुष्ठान का अर्पण फादर अरुण सलदाना एवं फादर अन्थो द्वारा किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। फादर अरुण ने अपने संबोधन में कहा कि क्रिसमस उपहार आदान-प्रदान करने का समय है। ईश्वर ने स्वयं चरनी में जन्म लेकर मानवता को एक अनूठा उपहार दिया। यीशु मसीह किसी यहूदी के पूजाग्रह या राज महल में नहीं जन्मे, बल्कि एक छोटे से शहर के बाहरी इलाके में उन्होंने मरियम और यूसुफ के निर्धन परिवार में जन्म लिया। उन्होंने कहा कि प्रभु इस प्रकार दर्शाते हैं कि ईश्वर वहां पर भी उपस्थित है जहां हम उसकी कम से कम अपेक्षा रखते हैं। इस प्रकार यीशु मसीह ने संपूर्ण मानव जाति से प्रेम प्रकट किया, साथ ही हर स्थान हर व्यक्ति में ईश्वर का रूप और उसकी पवित्रता की आवश्यकता को दर्शाया। उन्होंने कहा कि प्रेम, सत्य और अहिंसा तथा क्षमादान के द्वारा प्रभु ने विश्व शांति का एक अहम सूत्र मनुष्य जाति को प्रदान किया। इस प्रकार क्रिसमस प्रेम और शांति का प्रतीक बन गया है। तत्पश्चात चर्च में विश्व शांति और देश की सुख समृद्धि के लिए प्रार्थनाएं की गई। क्रिसमस पर्व की तैयारी चर्च के उपाध्यक्ष दीपक लुकस के निर्देशन में हुई। यीशु जन्म की झांकी तथा बच्चों के मनोरंजन के कुछ साधन प्रांगण में लगाए गए। जिसका आनंद गीतों के साथ श्रद्धालु भक्तों ने उठाया। समिति के सदस्य श्रीमती अंसला, श्रीमती हेलेन, श्रीमती प्रिया, श्रीमती वीनस, श्रीमती पूजा, जोसेफ, प्रकाश टीकम, विल्सन श्रीमती सपना, जॉन डेविड एवं संत अन्ना धर्म समाज की बहनें , अशोक मसीह, हेनरी जॉन, सनी, राहत मसीह एवं संत अन्ना काथलिक चर्च के सभी सदस्य गण मौजूद थे।



